कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय, उन्नाव।

संख्या 371 नीलामी बाउण्ड्रीवाल वर्ष 2019-20

उन्नाव दिनांक 14.02.2020

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जजेज कालोनी सिविल लाइन उन्नाव के चारो ओर स्थित पुरानी बाउण्ड्रीवाल (स्कैप) की नीलामी न्यायालय परिसर मे माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन मे दिनांक 02.03.2020 को सांय 4:30 बजे से न्याय भवन प्रांगण मे स्थित केन्द्रीय हाल मे नीलामी की जानी हैं जिसकी न्यूनतम बोली मु0 89,113-00 से प्रारम्भ होगी। नीलामी प्रक्रिया मे भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को न्यूनतम बोली का 25 प्रतिशत अर्थात् 23,000-00 रूपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी, जो बोली की धनराशि मे समायोजित कर ली जायेगी। नीलामी प्रक्रियॉ मे अधिकतम बोली बोलने वाले के पक्ष मे विचार किया जायेगा। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अन्तिम रूप मे सक्षम अधिकारी/माननीय जनपद न्यायाधीश, उन्नाव को होगा।

अन्तिम अधिकतम बोली बोलने वाले को बोली की समस्त धनराशि जरिये बैंक ड्राफ्ट/नकद तुरन्त जमा करानी होगी। अन्तिम बोली स्वीकर किये जाने वाले व्यक्ति को अपने स्वंय के खर्चे पर बाउण्ड्रीवाल तुड़वाकर एक सप्ताह के अन्दर उसका मलबा हटाना होगा। ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा की गयी धनराशि राज्य सरकार के हक मे जब्त कर ली जायेगी।

बाउण्ड्रीवाल जहॉ है जिस स्थिति मे है उसी स्थिति मे नीलाम की जायेगी तथा बाउण्ड्रीवाल का स्थलीय निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस मे नजारत के माध्यम से किया जायेगा।

अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज
जनपद न्यायालय, उन्नाव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतुः

1. कार्यालय जनपद न्यायाधीश, उन्नाव।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव।
3. कार्यालय तहसील सदर, उन्नाव।
4. सिस्टम आफिसर माननीय उच्च न्यायालय की वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।
5. अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, उन्नाव।
6. जिला पंचायत, उन्नाव।
7. नगर पालिका, उन्नाव।
8. कार्यालय सिविल जज जू0डि0 पुरवा, उन्नाव।
9. कार्यालय तहसील पुरवा, उन्नाव।
10. जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को स्थानीय समाचार-पत्रों मे निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

14-02-2020

अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज
जनपद न्यायालय, उन्नाव।